तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 24 दिसम्बर 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



4



तीन महीने के भीतर विद्युत विस्तार शुरू कराने के आश्वासन पर बंद हुआ अनिश्चितकालीन आंदोलन


## खबर संक्षेप

### मंदिर की दान पेटी तोड़ चोरों ने पार किया 5 हजार रुपए

**सूरजपुर।** छठ घाट मार्ग स्थित गायत्री मंदिर का ताला तोड़ चोरों ने दान पेटी से लगभग 5 हजार रुपए पार कर दिया। मंदिर के सदस्य ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार छठ घाट रोड स्थित गायत्री मंदिर में हर रोज की भांति सोमवार की सुबह पुराजी दीपक कुशवाहा मंदिर पूजा करने गया था। मंदिर पहुंचा तो देखा मंदिर के पीछे का दरवाजा का ताला टूटा तथा अंदर रखे दानपेटी टूटा हुआ था। मंदिर में चोरी होने पर पुजारी ने घटना की सूचना मंदिर के सदस्य अवधेश गोयल को दी। सूचना पर अवधेश गोयल मंदिर पहुंचे तो देखा दान पेटी में रखा लगभग 5 हजार रुपए गायब थे जबकि सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति चोरी करते नजर आया। अवधेश गोयल ने मंदिर में चोरी होने की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) के तहत अपराध दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### यात्री बस की टक्कर से बाइक सवार घायल

**अम्बिकापुर।** इलाज कराने ग्राम बरती कला जा रहे बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे यात्री बस के चालक ने टक्कर मार दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार बसंतपुर थाना अंतर्गत ग्राम इंजानी निवासी विश्वकर्मा पटेल शुक्रवार को अपना इजाल करने बाइक क्रमांक सीजी 29 एडी 5211 से ग्राम बरती कला इलाज कराने जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार ग्राम सावित्रीपुर के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे यात्री बस के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार घायल हो गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया। परिजन घायल को अंबिकापुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां घायल का इलाज जारी है। रिपोर्ट पर पुलिस ने यात्री बस चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### सड़क दुर्घटना में दो लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** अलग अलग घटनाओं में गंभीर हुए एक महिला की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में तो बाइक सवार ग्रामीण की निजी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार भटगांव निवासी दीपा साहू पति दिनेश साहू (43 वर्ष) कुछ सांल से बतौली थाना अंतर्गत ग्राम पत्थरइ बासेन निवासी रिश्तेदार के यहां रह रही थी। 22 दिसंबर को 11 बजे बकरी चराने जा रही थी। जैसे ही घर से कुछ दूर कदमपारा के समीप पहुंची तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे बतोली अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार दूसरी घटना में भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम केवटाली निवासी अमिर साय सोनपाकर आ. फूलसाय सोनपाकर (49 वर्ष) सोमवार की सुबह पुत्र पुरुषोत्तम के साथ गोबर खाद देने भैयाथान गए थे। दोपहर को पुत्र ट्रेक्टर खाद लेकर घर लेकर आ गया। पिता के घर वापस नहीं लौटने पर फोन लगाया तो अज्ञात व्यक्ति ने फोन उठाकर बताया कि अमिर साय का फुठाबांध जंगल के समीप एक्सीडेंट हो गया। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंच घायल को भैयाथान अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत नाजुक होने पर रेफर कर दिया। परिजन घायल को लेकर शहर के निजी अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। दोनों ही मामला में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## वर्षों से चल रही थी प्रक्रिया, मरीजों को मिलेगी बेहतर सुविधा

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल को मिली ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन की अनुमति





अस्पताल में मौजूद ब्लड कंपोनेंट सेपरेटर मशीने।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय को ब्लड कम्पोनेंट सेपरेशन की अनुमति मिल गई है। इस मान्यता के बाद अब अस्पताल में एक यूनिट ब्लड को चार यूनिट में बांटकर अलग अलग तरीके से उपयोग किया जा सकेगा। मान्यता मिलने के अब मशीन के स्थापना हेतु प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और अगले दो सप्ताह के भीतर इस सुविधा के शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है।

**खास बात**

- जनवरी से शुरू हो सकेगी सुविधा, मरीजों को मिलेगा लाभ

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में वर्ष 2020-21 से ब्लड कंपोनेंट सेपरेटर मशीन की खरीदी और इसके मान्यता को लेकर प्रक्रिया की जा रही थी। कॉलेज प्रबंधन ने पूर्व में ही लगभग 45 लाख रुपए की लागत से मशीन की खरीदी तो कर ली थी लेकिन ब्लड कम्पोनेंट सेपरेशन की अनुमति नहीं मिल पाई थी। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन द्वारा लगातार शासन से इस संबंध में पत्राचार करने के साथ ही प्रक्रिया की जा रही थी। लम्बे इन्तजार के बाद 23 दिसम्बर की शाम खाद्य एवं औषधि प्रशासन छग द्वारा राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध चिकित्सालय अंबिकापुर स्थित ब्लड सेंटर को रक्त के विभिन्न घटकों के निर्माण एवं उपयोग की आधिकारिक स्वीकृति प्रदान की गई है।

जारी एंडोर्समेंट लेटर के अनुसार वर्तमान में सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला अस्पताल अंबिकापुर (जिला–सरगुजा) के नाम से संचालित ब्लड सेंटर को निम्नलिखित रक्त घटकों को तैयार एवं उपयोग की अनुमति प्रदान की गई है।

### एक यूनिट से चार लोगों को होगा फायदा

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में वर्ष भर रक्त की कमी बनी रहती है। ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन की व्यवस्था नहीं होने से एक यूनिट ब्लड के घटकों को अलग नहीं किया जा सकता था। अब मान्यता मिलने के बाद ब्लड के पैक्ड रेड सेल, फ्रेस फ्रोजन प्लाज्मा, आईपी, प्लेटलेट कांसंट्रेट व क्रायोप्रेसिपिटेट में विभक्त किया जा सकता है। इस तरह एक यूनिट ब्लड का कई मरीजों को जरुरत के अनुसार प्रदान किया जाएगा। यह स्वीकृति सरगुजा संभाग के सबसे बड़े शासकीय चिकित्सा संस्थान में आने वाले गंभीर रोगियों, आपातकालीन मामलों, शल्य-चिकित्सा, दुर्घटना पीड़ितों, गर्भवती महिलाओं एवं अन्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर आवश्यक रक्त घटक उपलब्ध कराए जाने के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि है। इससे सरगुजा संभाग के मरीजों को अन्य जिलों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा तथा क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा।

### हो चुकी है मशीन की खरीदी

बता दें कि ब्लस कंपोनेंट सेपरेशन हेतु कंपोनेंट सेपरेटर मशीनों की खरीदी पूर्ण में ही की जा चुकी है। लगभग 45 लाख रुपए खर्च कर मशीन खरीदे गए थे और ब्लड बैंक के टेक्नीशियन को इसकी ट्रेनिंग दी गई थी। इसके साथ ही फ्रेश फ्रोजन प्लाज्मा व अन्य कंपोनेंट को सुरक्षित रखने के लिए माइनस 40 डिग्री व माइनस 80 डिग्री वाले फ्रीजर उपलब्ध है जिसमें कंपोनेंट को 3 सालों तक सुरक्षित रखा जा सकता है। बताया जा रहा है कि अब मशीनों लैब का लेआउट होने व अन्य कार्य के बाद जनवरी के महीने में मशीनों को शुरू किया जा सकेगा।

### मिल गई है अनुमति

मेडिकल कॉलेज अस्पताल को ब्लड कंपोनेंट सेपरेटर की अनुमति मिली है। यह सरगुजा संभाग के लिए एक बड़ी उपलब्धी है। हमारे पास मशीने पहले से उपलब्ध है और जनवरी महीने तक मशीनों को शुरू किया जा सकेगा।

-डॉ. आरसी आर्या
अधीक्षक



# धान बेचने को लेकर भाइयों में खूनी संघर्ष, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

पारिवारिक जमीन पर धान बेचने को लेकर चल रहा विवाद इतना बढ़ गया कि भाई-भाई एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए। धान बेचने को लेकर उपजे विवाद के बाद परिवार के सदस्यों ने मिलकर अपने ही एक भाई की घर में घुसकर हत्या कर दी। इस घटना में दो महिलाओं समेत चार अन्य लोग घायल हुए है जिनमें से दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया है। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद विधायक भूलन सिंह मरावी ने भी अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की और बेहतर उपचार के निर्देश दिए।

- घर में घुसकर की मारपीट, पटना क्षेत्र की घटना

बताया जा रहा है कि जिले के रामानुजनगर थाना अंतर्गत पटना ग्राम बछियाबांध पारा निवासी 45 वर्षीय आनंद सिंह आ. अहिबरन सिंह का अपने बड़े भाई भोला राम से पुस्तैनी जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इस बार भी विवादित भूमि पर हुई फसल को एक ही परिवार के सदस्य बेच रहे थे ऐसे में आनंद सिंह ने शिकायत की थी। शिकायत के बाद स्टे लग गया और इसी बात को लेकर भोला राम व उसके परिवार के सदस्य नाराज चल रहे थे। मृतक के पुत्र ने बताया कि मंगलवार को भोला राम के साथ ही परिवार के सदस्य अचानक ही घर में घुस आए और विवाद करते हुए लाठी डंडों से मारपीट की। दोनों पक्षों के बीच हुए विवाद में आनंद सिंह, उसकी पत्नी बसंती, बच्ची व दूसरे पक्ष से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सूरजपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां आनंद सिंह को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया जबकि उसकी पत्नी व बच्ची का उपचार जिला अस्पताल में जारी है। इधर दूसरे पक्ष के दो अन्य गंभीर घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

जमीन विवाद की घटना विधायक भूलन सिंह मरावी के गृह ग्राम में हुई है। ऐसे में घटना की जानकारी मिलने के बाद विधायक भुलन सिंह मरावी जिला अस्पताल पहुंचे और परिजन से मुलाकात कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने चिकित्सकों को घायलों के बेहतर उपचार के निर्देश दिए।



# मेयर ने किया पानी टंकी निर्माण का भूमिपूजन

अंबिकापुर। मंगलवार को नगर निगम महापौर व जनप्रतिनिधियों ने शहर के पुराना बस स्टैंड डिपो परिसर में 10 लाख लीटर क्षमता की पानी टंकी के निर्माण का भूमिपूजन किया। बता दें कि शहर में पेयजल सुविधाओं के विस्तार हेतु शासन से नगर निगम को 10 लाख लीटर क्षमता के पानी टंकी निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। पुराना बस डिपो के समीप उच्च स्तरीय जलागार के निर्माण हेतु अधोसंरचना मद अंतर्गत राशि 107.76 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। मंगलवार को पानी टंकी निर्माण हेतु महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने निर्माण कार्य शुरू कराया। महापौर श्रीमती भगत ने बताया कि पानी टंकी का कार्य पूर्ण हो जाने के उपरांत निकाय के पेयजल संकटग्रस्त शीतला वार्ड क्रमांक 32, रामानुज वार्ड क्रमांक 33, ब्रम्ह वार्ड क्रमांक 34, स्वामी विवेकानंद वार्ड क्रमांक 35 एवं अग्रसेन वार्ड क्रमांक 38 के वार्डवासियों को आवश्यकता के अनुरूप पेयजल की आपूर्ति की जा सकेगी। भूमिपूजन के दौरान महापौर के साथ ननि सभापति हरमिन्दर सिंह टिन्नी, एमआईसी सदस्य जितेन्द्र सोनी, श्रीमती प्रियंका गुप्ता, श्रीमती अनिता रविन्द्र गुप्ता भारती, पार्षद आलोक दुबे, पार्षद राहुल त्रिपाठी, श्रीमती सुषमा रोचक गुप्ता, शैलेश प्रताप सिंह, आकाश गुप्ता, रविन्द्र गुप्त भारती, मनोज गुप्ता, विकास गुप्ता व अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

- 107 लाख की लागत से होगा निर्माण

### चोरी की कोशिश नाकाम, एक गिरफ्तार

**राउरकेला।** टांगरपाली थाना क्षेत्र के बिरटेनिया कॉलोनी में बीती मध्यरात्रि चोरी की नीयत से घुसे दो युवकों में से एक को स्थानीय लोगों की सतर्कता से पकड़ लिया गया, जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। यह घटना कॉलोनी निवासी शेखर राव के घर में हुई, जहां दोनों युवक चोरी के इरादे से घुसे थे। पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिससे आरोपियों की पहचान में मदद मिली। स्थानीय लोगों ने एक युवक को मौके पर ही पकड़कर टांगरपाली पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए युवक ने पूछताछ के दौरान खुद को मालगोदाम क्षेत्र का निवासी बताया। उसकी पहचान ढुल्लू मल्हार के रूप में की गई है। वहींए फरार हुए दूसरे युवक की पहचान राजा बड़ाईक बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही टांगरपाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पकड़े गए आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर फरार आरोपी की तलाश में जुट गई है। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# कांग्रेसजन ने किया सड़क निर्माण कार्यों का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के अंदर से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग के आगामी सभी मरम्मत के कार्य की निगरानी कांग्रेस पार्टी करेगी। इन मार्गो में खराब पैच रिपेयरिंग की शिकायत के बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने इन सड़कों का अवलोकन करने एवं इस कार्य को करा रहे ठेकेदार से चर्चा के बाद यह जानकारी दी है।

- गुणवत्ताहीन निर्माण पर साधा निशाना

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने घटिया पैच रिपेयरिंग की जानकारी के बाद न केवल इन सड़कों का अवलोकन किया साथ ही यहां के रहवासियों से भी चर्चा की। सभी ने यह शिकायत की कि सडकों का पैंच रिपेयरिंग स्तरहीन है। जिन गड्ढों पर पैच चढ़ाया गया है वो उखड़ रहे हैं। बगैर सफाई के पैच रिपेयरिंग का काम हो रहा है। सडकों के मरम्मत में खुलेआम हो रहे इस घटिया काम और भ्रष्टाचार से लोगों में बहुत ज्यादा आक्रोश था। लंबे अर्से से शहर से गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग के सडकों का रखरखाव इस विभाग ने नहीं किया है। इस वर्ष लगभग 8 करोड़ रुपये की लागत से इन सड़कों के रखरखाव का टेंडर हुआ है, और अब ठेकेदार के द्वारा निम्न स्तर का रिपेयरिंग कार्य किया जा रहा है। सड़कों के अवलोकन के दौरान ही कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने मोबाइल फोन पर इस कार्य को कर रहे ठेकेदार को फटकार लगाई और उसे निर्देशित किया कि जब भी वह कार्य आरंभ करने, उसकी पूर्व सूचना दे। कांग्रेस का दल उसके कार्य की निगरानी करेगा। पूर्व महापौर एवं लुड्रा विधायक तथा भाजपा जिला अध्यक्ष के निवास से गुजरने वाली सड़क के घटिया निर्माण पर भी उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि दिया तले अंधेरा है। इस सड़क का निर्माण नगर निगम के द्वारा कराया गया है। बनते के साथ ही यह सड़क उखड गयी है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि निगम की सत्ता में आने के बाद ट्रिपल इंजन के विकास के नाम पर चौडी-चौडी फोरलेन सड़कों के चित्र दिखाकर मायाजाल फैलाने वाले लोगों के घर के सामने से गुजरने वाली सड़क बनते ही उखड रही है। इससे स्पष्ट होता है कि ट्रिपल इंजन के नाम से विकास का दावा खोखला दावा भर ही है।



### मां समलाया के नाम पर मंडल गठित कर मौजमस्ती कर रहे

कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि मां महामाया और मां समलाया इस क्षेत्र की अराध्य देवी हैं। भाजपा ने उनके नाम पर अपने मंडलों का गठन कर लिया है और मां समलाया के नाम पर मंडल गठित कर मां समलाया मंडल वाले मौज मस्ती कर रहे हैं। ये हमारी धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाती है।

# सड़क निर्माण में लापरवाही पर एनएच के उप अभियंता निलंबित

**अंबिकापुर।** सड़क निर्माण कार्य में लापरवाही व गुणवत्ता हीन कार्य पर शासन ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। शिकायत के बाद शासन ने उप अभियंता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। एनएच 43 में सड़क पर पैच रिपेयरिंग के दौरान की गई लापरवाही पर यह कार्रवाई की गई है। बता दें कि शहर के बीच से होकर गुजरने वली एनएच 43 की जर्जर सड़क के पैच रिपेयरिंग हेतु शासन से स्वीकृति मिली है। शहर में सड़कों के गड्ढों को भरने के लिए टेंडर किया गया है और ठेकेदार द्वारा मरम्मत व पैच रिपेयरिंग का काम किया भी जा रहा है लेकिन शुरू से ही पैच रिपेयरिंग की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठ रहे है। इस बीच शहर के सदर रोड में पैच रिपेयरिंग के बाद गुणवत्ता में लापरवाही का मामला सामने आया था। रात में किया गया डामरीकरण सुबह खुद ब खुद उखड़ने लगा जिसके बाद लोगों में रोष का माहौल निर्मित हो गया। लोग अपने हाथों से बिछाए गए डामर को उखाड़ ले रहे थे। इस दौरान उखड़े हुए डामर के कचरे को सुबह सुबह सफाई करने आई ननि की टीम उठाकर ले गई। गुणवत्ता से खिलवाड़ का वीडियो वायरल होने के बाद विभाग ने फिर से सड़क पर डामरीकरण कराया लेकिन अब इस मामले में बीटी पैच रिपेयरिंग कार्य में लापरवाही बरतने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग अंबिकापुर के कार्यपालन अभियंता कार्यालय में पदस्थ उप अभियंता नवीन सिन्हा को विभाग द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस मामले में राष्ट्रीय राजमार्ग मंडल बिलासपुर के अधीक्षण अभियंता द्वारा प्रतिवेदन एवं तस्वीरें राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र, रायपुर के मुख्य अभियंता को प्रेषित की गयी थी। मुख्य अभियंता द्वारा गुणवत्ताहीन कार्य के लिए जिम्मेदार उप अभियंता के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव प्रमुख अभियंता कार्यालय को प्रेषित किया गया था। निलंबन की अवधि में नवीन सिन्हा का मुख्यालय राष्ट्रीय राजमार्ग मंडल बिलासपुर के अधीक्षण अभियंता कार्यालय निर्धारित किया गया है।

## 4 दिव्यांगों समेत परिवार के सदस्यों ने मांगी इच्छा मृत्यु, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# 70 सालों से था जमीन पर कब्जा, आंबा भवन के लिए हो रही बेदखली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बरसों से शासकीय भूमि पर काबिज दिव्यांगों ने बेदखली की कार्रवाई से नाराज होकर अब इच्छा मृत्यु की मांग की है। मंगलवार को दिव्यांग ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। परिवार का कहना है कि उसी भूमि पर काबिज अन्य लोगों को नहीं हटाया जा रहा है और सिर्फ उनकी जमीन छीनकर आंगनबाड़ी का निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों से डिप्टी कलेक्टर ने मुलाकात की और उन्हें जांच का आश्वासन दिया है।

बताया जा रहा है कि सीतापुर विधानसभा के ग्राम बटईकेला के खसरा नंबर 1784 स्थित लगभग एक एकड़ भूमि पर केवला बाई आ. चक्तु व उनके परिवार का कब्जा है। परिवार के सदस्य पिछले 70 सालों से उक्त भूमि पर खेती बाड़ी कर अपना जीवन यापन करते है। बड़ी बात यह है कि वर्तमान में यह शासकीय जमीन केवला बाई के परिवार के 12 सदस्यों के आजीविका का साधन है और इनमें से चार सदस्य दिव्यांग है। इनमें 18 वर्षीय राहुल चौहान व 16 वर्षीया प्रिंशी चौहान दृष्टिहीन है, शांति चौहान आ. रामसाय शारीरिक रूप से दिव्यांग है जबकि फिरन सिंह मानसिक रूप से अस्वस्थ है। जानकारी के अभाव के कारण संभवतः परिवार के सदस्यों ने शासकीय जमीन पर वर्षों का कब्जा होने के बाद भी पट्टा नहीं बनवाया। वहीं अब ग्रामीणों का कहना है कि उनकी जमीन को आंगनबाड़ी निर्माण के लिए छीना जा रह है। ग्राम पंचायत द्वारा उक्त भूमि पर बिना किसी पूर्व सूचना, चर्चा या ग्रामसभा की अनुमति के जबरन आंगनबाड़ी निर्माण की नींव डाली गई है। गुप्ता परिवार के इशारे पर उक्त जमीन से उन्हें बेदखल करने के का कार्य सरपंच, सचिव द्वारा किया जा है। वर्तमान में आंगनबाड़ी का निर्माण का टेंडर लेने वाले की पत्नी खुद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता है और अपनी निजी सुविधा के लिए अपने निवास के समीप ही आम्बा भवन अक निर्माण कराना चाहती है जबकि उसी शासकीय जमीन पर कब्जा कर बैठे गुप्ता परिवार के खिलाफ कोई प्रशासनिक कार्रवाई नहीं की जा रही है। परिवार का कहना है कि कृषि भूमि छिन जाने के कारण उनका जीवन संकट में पड़ जाएगा और उनके सामने भोजन के भी लाले पड़ जाएंगे। ऐसे में परिवार के सदस्यों ने इच्छा मृत्यु की मांग की है ताकि वे मानसिक प्रताड़ना से बच सके।



### कराई जाएगी जांच

बटईकेला के कुछ लोगों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों कहना है कि उनका 70 सालों से शासकीय जमीन कब्जा है। उक्त भूमि पर मकान बना है और खेती करते है। वहां अब आंगनबाड़ी का काम चल रहा है। काम रुकवाने का काम चल रहा है। इस मामले में जांच कराई जाएगी।

-रामराज सिंह, डिप्टी कलेक्टर

# इंजीनियरिंग कॉलेज में आगामी सत्र से होगी एमबीए की पढ़ाई

**अम्बिकापुर।** आगामी शिक्षा सत्र में शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में एमबीए का पाठ्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा। कार्य परिषद ने इस पाठ्यक्रम के लिए 30 सीटों की स्वीकृति प्रदान की है। शासन ने सेवारत पेशेवरों के लिए भी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की स्वीकृति प्रदान की है जिसका संचालन आगामी शिक्षा सत्र से प्रारंभ किया जाएगा।

शासन ने वर्किंग प्रोफेशनल्स के लिए स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग, पावर सिस्टम एण्ड कंट्रोल तथा माइनिंग इंजीनियरिंग में एमटेक पाठ्यक्रमों की स्वीकृति प्रदान की है तथा इन पाठ्यक्रमों के लिए 15 सीट निर्धारित किए गए हैं। इसी तरह वर्किंग प्रोफेशनल्स के लिए बीटेक अंतर्गत सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग तथा माइनिंग इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों की स्वीकृति प्रदान की गई है तथा संकायों के लिए 30-30 सीट स्वीकृत किए गए है। इंजीनियरिंग कॉलेज में आगामी सत्र से इन पाठ्यक्रमों का संचालन होने से लोनिवि, भारत संचार निगम लिमिटेड, सिंचाई विभाग, पॉलिटेक्निक में कार्यरत व्यख्याताओं, यंत्रियों एवं अन्य तकनीकी कर्मियों को अपने कार्यस्थल के निकट पार्ट टाइम उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। प्राचार्य डॉ.आरएन खरे ने बताया सांसद चिंतामणि महाराज की पहल से कॉलेज को इन नवीन तकनीकी पाठ्यक्रमों की स्वीकृति मिली है।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस की गलत नीतियों के विरूद्ध हर मोर्चे पर डटेगा युवा मोर्चा



**अम्बिकापुर।** भाजपा युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष निशांत सिंह सोलू ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और युवा मोर्चा के सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए पूरी क्षमता के साथ कार्य करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के सशक्त नेतृत्व में मोर्चा के कार्यकर्ता ऊर्जा से लबालब हैं तथा कांग्रेस की जनविरोधी और गलत नीतियों के विरूद्ध हर स्तर पर मोर्चा लेने के लिए पूरी तरह तैयार है। पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है उस पर खरा उतरते हुए वे सभी कार्यकर्ताओं के साथ समर्पण भाव से संगठन हित में कार्य करेंगे। निशांत सिंह सोलू राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्राथमिक वर्ग के प्रशिक्षित स्वयंसेवक तथा युवा क्षत्रिय महासभा के सचिव, बजरंग सेवा समिति से जुड़े रहने के साथ भाजयुमो में नगर मंत्री, नगर उपाध्यक्ष एवं नगर अध्यक्ष जैसे दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं।

### रितिक सिंह बने अभाविप एसएफएस के प्रांत सह संयोजक



**बलरामपुर।** नगर के रितिक सिंह को विद्यार्थी परिषद में स्टूडेट्स फोर सेवा का प्रात सह संयोजक बनाया गया है। बता दें कि अभाविप का तीन दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन भिलाई में हुआ। इस दौरान बलरामपुर जिले कार्यकर्ता रितिक सिंह को संगठन ने महत्वपूर्ण दायित्व सौंपते हुए एसएफएस (स्टूडेंट्स फॉर सेवा) के प्रांत सह संयोजक के रूप में मनोनीत किया है। रितिक सिंह वर्तमान में जिला संयोजक एवं प्रांत कार्यसमिति सदस्य के रूप में संगठनात्मक दायित्वों का निर्वहन कर रहे थे।

### पीजी सीटों में 75 फीसदी ओपन मेरिट अधिसूचना छात्रों के साथ अन्याय



अंबिकापुर। प्रदेश युवा कांग्रेस आरटीआई विभाग के हिमांशु जायसवाल ने बयान जारी कर कहा कि छग की भाजपा सरकार द्वारा वर्ष 2025 की मेडिकल पीजी सीटों को लेकर जारी की गई 75 प्रतिशत ओपन मेरिट अधिसूचना प्रदेश के होनहार छात्रों और डॉक्टरों के भविष्य के साथ खुला अन्याय है। राज्य के मेडिकल कॉलेजों से एमबीबीएस करने वाले विद्यार्थियों ने वर्षों तक कठिन परिश्रम किया, सरकारी अस्पतालों और ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा दी, लेकिन आज उसी राज्य में उन्हें केवल 25 प्रतिशत पीजी सीटों तक सीमित कर दिया गया है जबकि 75 प्रतिशत सीटें बाहरी राज्यों के छात्रों के लिए खोल दी गई हैं। यह छग के छात्रों के अधिकारों का हनन है।

### अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** जूटमिल पुलिस ने मंगलवार को पेट्रोलिंग के दौरान अवैध शराब के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की है। पुलिस टीम ने कांशीराम चौक पर घेराबंदी कर एक व्यक्ति को हाथ भट्ठी से बनी महुआ शराब के साथ पकड़ा है। पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम केशव बंजारे पिता स्वर्गीय सुरेश बंजारे 40 वर्ष, निवासी कांशीराम चौक के पास वार्ड क्रमांक 34 थाना जूटमिल रायगढ़ बताया है। आरोपी के कब्जे से एक प्लास्टिक डिब्बे में 15 लीटर हाथ भट्ठी की बनी महुआ शराब तथा एक प्लास्टिक बोरी के अंदर 180 एमएल क्षमता के 18 नग पन्नी पाउच, जिनमें महुआ शराब भरी हुई थी।

## तैयारियों में जुटा मसीही समाज

# क्रिसमस पर्व को लेकर बाजार में आई रौनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

क्रिसमस पर्व को महज एक दिन शेष है वहीं मसीसी समाज के लोग क्रिसमस की तैयारियों में जुट गए है। गिरजाघरों में रंग रोगन का काम लगभग पूरा हो चुका है वहीं अब प्रभू यीशू के बाल रूप की आकर्षक झांकियां बनाने का कार्य शुरू कर दी गई है। इधर क्रिसमस पर्व को लेकर दुकानों में सेटा टॉयज से लेकर झालर, सितारा, रंग बिरंगी रोशनी वाले झालर सहित सजावटी सामान बिक्री के लिए सजकर तैयार है। जबकि बड़ी संख्या में लोगों के खरीददारी करने पहुंचने से एक बार फिर बाजार में रौनक आ गई है।

**खास बात**

- 25 दिसम्बर को गिरजाघरों में होगी विशेष आराधना

प्रभु जीसस के त्यौहार को लेकर जहां समाज के लोग उत्साहित है तो वहीं क्रिसमस को लेकर बाजार सजकर तैयार है। 24 दिसंबर की रात 12 बजे गिरजाघरों के घंटे घडियाल बजते ही प्रभु जीसस का जन्म उत्सव प्रारंभ हो जाएगा। क्रिसमस के अवसर पर समाज के लोग एक दूसरे को उपहार व केक देने के साथ जन्मदिन की खुशी मनाएगें। क्रिसमस पर्व 25 दिसम्बर की सुबह 7 से शुरू होकर 1 जनवरी को समाप्त होगी। पर्व को लेकर समाज के लोगों ने घरों में सजावटी सामग्री सहित नए परिधान की खरीददारी में जूट गए है जिससे बाजार में एक बार फिर ग्राहकों के बड़ी संख्या में पहुंचने से दुकान संचालकों के चेहरे खिल गए है। शहर के डेकोरेशन, कपड़ा दुकान सहित होटलों में बड़ी संख्या में लोग खरीददारी करने पहुंच रहे है वहीं शहर के भीड़ भाड़ वाले मुख्य मार्ग में बड़ी संख्या में झालर, सितारा, सांता क्लॉस के परिधान, टोपी से सजे हुए है। बच्चों को जहां सांता क्लॉज की टोपी व परिधान भा रहे है तो वहीं बड़े भी इससे अच्छुते नहीं है। बड़े भी बच्चों को खुशियां बाटने के लिए वे सांता क्लॉज की ड्रेस की खरीदारी कर रखे है। क्रिसमस पर्व के एक दिन शेष होने से आज बड़ी संख्या में समाज के लोग खरीदारी करने बाजार पहुंचे जिससे बाजार में देर शाम तक लोगों की भीड़ लगी रही। दूसरी ओर शहर के नवापारा स्थित गिरजाघर में क्रिसमस पर्व का मुख्य कार्यक्रम का आयोजन होगा। जहां शहर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व आसपास दूसरे जिलों से बड़ी संख्या में समाज के लोग एकत्र होते जो 24 दिसंबर की रात प्रभु यीशु के जन्म लेने के बाद खुशिया मनाते है वहीं दूसरे दिन गिरजाघर में विशेष आराधना की जाती है जहां प्रार्थना में बड़ी संख्या में समाज के लोग हिस्सा लेते है।




चर्च में बनाया गया चरनी।

**एक माह पूर्व शुरू होती है तैयारियां**

क्रिसमस के पर्व की तैयारी के प्रथम चरण में 25 दिसंबर से चार सप्ताह पहले से ही मसीहीजन अपनी आध्यात्मिक तैयारी शुरू कर देते हैं। अपने पापों का प्रायश्चित करना क्रिसमस की तैयारी का मुख्य भाग है ताकि पवित्र मन एवं दिल से क्रिसमस के पर्व में सहभागी हो सके। इसी के साथ कैथोलिक कलीसिया में विश्वासियों को व्यक्तिगत प्रार्थना तथा अपने पड़ोसियों के साथ मेल-मिलाप तथा गरीबों की सहायता करने का प्रोत्साहन दिया जाता है।

**धर्माध्यक्ष करेंगे अनुष्ठान**

शहर के नवापारा स्थित बेदाग ईशमाता महागिरजा घर में रात्रि कालीन पूजन विधि का अनुष्ठान 10 बजे से प्रारंभ होगा। धर्माध्यक्ष बिशप डॉ. अन्तानिस बड़ा द्वारा संपन्न कराया जाएगा। इसी तरह शहर के नमाकला स्थित संत इग्नासियुस चर्च में रात्रि कालीन आराधना 9 बजे से प्रारंभ होगी। जिसे सेवानिवृत्त धर्माध्यक्ष बिशप पतरस मिंज पूजन विधि का अनुष्ठान करेंगे।



## टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में राजपुर स्पार्टन ने हासिल की जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

ग्राम पंचायत झींगो में आयोजित जिला स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन भव्य रूप से किया गया। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सिद्धनाथ पैकरा शामिल हुए। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला राजपुर स्पार्टन और शिकारी क्लब गेनवार के बीच खेला गया। फाइनल मैच में शिकारी क्लब गेनवार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

निर्धारित 10 ओवरों में बल्लेबाजी करते हुए शिकारी क्लब की टीम ने 78 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजपुर स्पार्टन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 9 ओवरों में ही लक्ष्य हासिल कर लिया और मुकाबला जीतकर विजेता का खिताब अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ राजपुर स्पार्टन को 31 हजार रुपए नगद राशि एवं विजेता कप प्रदान किया गया, वहीं उपविजेता रही शिकारी क्लब गेनवार को 21 हजार रुपए व कप प्रदान किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री पैकरा ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और टीम वर्क की भावना विकसित करती हैं। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष विनय भगत, जिपं सदस्य रवि प्रताप मरावी, मंडल अध्यक्ष जगवंशी यादव, उदय यादव, संतोष पांडे, मंडल महामंत्री बबलू यादव, झींगो की सरपंच श्रीमती उषा किरण तिर्की, उपसरपंच श्रीमती आशा मुनी व आयोजन समिति से संतोष सोनी, ध्रुव सोनी, नीरज यादव, रोशन, कृष्णा, मुकेश, आर्यन, आयुष, प्रिंस सहित अन्य मौजूद थे।

## विश्वकर्मा समाज के अधिवेशन में विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




विश्वकर्मा समाज द्वारा शहर में पहली बार राज्य स्तरीय अधिवेशन का आयोजन किया गया। गांधी स्टेडियम स्थित भारतेंदु भवन में आयोजित अधिवेशन में संविधान में निर्धारित एवं नियोजित नियमावली के अनुसार ही सारी गतिविधियों का संचालन किया गया। सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा की पूजा, दीप प्रज्वलन आरती वंदन की गई। इस अधिवेशन में छग लौहकार शिप बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा, संघ के संस्थापक अंबिका विश्वकर्मा सहित अन्य शामिल हुए। कार्यक्रम के संचालक श्रीनिवास द्वारा नई कार्यकारिणी का गठन एवं स्वागत किया गया। वहीं अधिवेशन में समाज के पूर्व अध्यक्ष राकेश विश्वकर्मा ने संघ द्वारा संपादित कार्यों का विवरण व आय व्यय की जानकारी दी। वहीं श्रीनिवासवर्मा विश्वकर्मा द्वारा एक पैनल लिखित रूप में निर्णायक मंडल को सौंपा गया। संगठन के सलाहकार प्रमुख-2, प्रदेश अध्यक्ष-1, कार्यकारी अध्यक्ष-3, उपाध्यक्ष-5, कोषाध्यक्ष-1, सह कोषाध्यक्ष-1, प्रदेश महामंत्री-2, संयुक्त मंत्री-3, मंत्री-4, संगठन मंत्री-5, प्रचार मंत्री-2, कार्यालय मंत्री-1, मीडिया प्रभारी-1, कार्यकारिणी के सदस्य-4 कुल 41 पुरुष समूह से पदाधिकारी नियुक्ति की घोषणा की गई। इसी प्रकार महिला समिति में भी प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती श्वेता विश्वकर्मा द्वारा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष-2, उपाध्यक्ष-5, कोषाध्यक्ष-1, सह कोषाध्यक्ष-1, महामंत्री-2, संयुक्त मंत्री-4, मंत्री-4, संगठन मंत्री-4, मीडिया प्रभारी-2 कार्यकारिणी सदस्य-4 इस प्रकार कुल 30 महिला पदाधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा की गई। इसके साथ ही कार्यक्रम में समाज के विकास व अन्य कार्यों को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान संरक्षक राजेश विश्वकर्मा, रामबली विश्वकर्मा, निखिल विश्वकर्मा, गौतम विश्वकर्मा, राकेश विश्वकर्मा, निलेश शर्मा उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने सरपंच- सचिव को किया सम्मानित

**मानीचौक।** सूरजपुर जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत डेडरी में अच्छी व गुणवत्तापूर्ण आंगनबाड़ी भवन निर्माण करने पर कलेक्टर एस जयवर्धन ने सरपंच कामता प्रताप सिंह व सचिव नंदलाल यादव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जानकारी अनुसार सूरजपुर जनपद का पहला पंचायत ग्राम पंचायत डेडरी है जहां पर मॉडल आंगनबाड़ी का गुणवत्ता पूर्ण कार्य हुआ है जिसका चिन्हांकित ब्लाक के अधिकारियों ने चयन किया था। आज कलेक्टर ने सरपंच सचिव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और कहा कि आगे भी निरंतर अच्छा कार्य करना ताकि अन्य लोग भी देखकर अपने में सुधार कर सके।





## सूरजपुर में हुई जायसवाल समाज की बैठक, वीरेंद्र बने जिलाध्यक्ष

**अम्बिकापुर।** सूरजपुर सर्किट हाउस में जिले के जायसवाल समाज की बैठक हुई। बैठक में सूरजपुर जिले के सभी विकास खण्डो से जायसवाल समाज के लोग उपस्थित हुए। बैठक में सर्वसम्मति से प्रेमनगर के वीरेंद्र जायसवाल को जिला अध्यक्ष चुना। जायसवाल समाज के उत्थान के लिए सभी विकास खण्डो से प्रभारी भी बनाया गया। जिसमें प्रतापपुर से नवीन जायसवाल व शिव शंकर जायसवाल, सूरजपुर से रामानंद जायसवाल एवं सत्यनारायण जायसवाल, भैयाथान से विनय जायसवाल, आशीष जायसवाल एवं सुरेश जयसवाल, रामानुजनगर से अशोक जायसवाल एवं महेश जायसवाल, प्रेमनगर से संतोष जायसवाल एवं मिथलेश जायसवाल, बिहारपुर से लल्लू जायसवाल एवं रामपाल जायसवाल, ओड़गी से दिवाकर जायसवाल एवं रामदास जायसवाल को प्रभारी के रूप में जिम्मेदारी दी गई है। वीरेंद्र जायसवाल ने कहा कि हमारे पूर्वज पहले राजाओं के वंशज थे लेकिन आज हम लोगों में एकता और मतभेद होने के कारण हम बिखर कर रह गए हैं, उन्होंने राजनीति से हटकर समाज के हित में कार्य करने को कहा। बैठक को शशि भूषण जायसवाल, रामानंद जायसवाल, सत्यनारायण जायसवाल, नवीन जायसवाल, अशोक जायसवाल ने भी संबोधित किया। इस दौरान शिवशंकर जायसवाल, डॉ. निलेश जायसवाल, मिथलेश जायसवाल, राकेश जायसवाल, संजय जायसवाल, मनोज जायसवाल, आशीष जायसवाल, महेश जायसवाल, आनंदपाल जायसवाल, राहुल जायसवाल, रमेश जायसवाल,विनय जायसवाल, लल्लू जायसवाल, विवेक जायसवाल, संतोष जायसवाल,अशोक जायसवाल, रामसूरत जायसवाल, राजेश जायसवाल, अमन जायसवाल, गणेश जायसवाल, राजेंद्र जायसवाल, प्रेम जायसवाल, शिव शंकर जायसवाल, सुशील राय, संतोष जायसवाल सहित अन्य उपस्थित थे

## जीवन दीप समिति की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

**राजपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरियों में जीवन दीप समिति की कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीएमओ व जीवन दीप समिति बरियों के अध्यक्ष डॉ. रमेश जायसवाल ने की। बैठक में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरियों के उन्नयन हेतु विभिन्न एजेंडा बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

समीक्षा उपरांत अस्पताल विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें अस्पताल में डिजिटल मॉनिटर, एक नग कम्प्यूटर की खरीदी, बाउंड्री वाल फेंसिंग निर्माण, चार नग रूम हीटर, दो नग सीसीटीवी कैमरा की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। इसके साथ ही जीवन दीप समिति के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों के वेतन पुनरीक्षण एवं अन्य आवश्यक विषयों पर भी सहमति बनी। पीएचसी बरियों के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं जीवन दीप समिति के सचिव डॉ. अवधेश साहू ने बताया कि बीएमओ डॉ. रमेश जायसवाल द्वारा सर्दी के मौसम को देखते हुए मरीजों की सुविधा हेतु अस्पताल परिसर में अलाव की व्यवस्था करने, जरूरतमंद मरीजों को कंबल उपलब्ध कराने तथा भर्ती मरीजों को निर्धारित मीनू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदान करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जनपद सदस्य कमला प्रसाद सिंह, ग्राम बरियों के सरपंच रविशंकर टेकाम, मुकेश गुप्ता, अजय अग्रवाल, आरएमए श्रीमती लालसा भारद्वाज, सेक्टर सुपरवाइजर बरकत अली, मितानीन श्रीमती दशरी बाई सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे।



## कश्यप समाज की बैठक में कार्यकारिणी का गठन

अम्बिकापुर। चम्बोथी तालाब स्थित सामुदायिक में आयोजित कश्यप समाज की बैठक में सर्वसम्मति से जिला इकाई का गठन किया गया। समाज के वरिष्ठ सदस्य विद्यासागर कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभिन्न ब्लॉकों के सदस्य शामिल हुए। बैठक में आपसी चर्चा उपरांत सर्व सम्मति से जिला संगठन के पदाधिकारियों का चयन करने का निर्णय लिया गया। संगठन के जिलाध्यक्ष पद पर दीनानाथ कश्यप को सर्वसम्मति से चुना गया। उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा सहमति व्यक्त करने पर उन्हें निर्वाचित घोषित किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीनानाथ कश्यप ने अपने संबोधन में समाज के हर वर्ग की बेहतरी के लिए काम करने, शोषण एवं कुरीतियों को बंद करने एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। अध्यक्ष के उद्बोधन उपरांत उपाध्यक्ष वीरेंद्र कश्यप, सचिव प्रेम प्रकाश कश्यप, सह सचिव शुभम कश्यप, कोषाध्यक्ष संदीप कश्यप एवं करण कश्यप, राजेश कश्यप, राजू सिंह, दीपेश कश्यप, विकास कश्यप सदस्य व सुजान बिंद मीडिया प्रभारी चुने गए।

### दो दिन बाद भी मृतक की नहीं हुई पहचान

**अम्बिकापुर।** सड़क दुर्घटना में घायल हुए ग्रामीण की मौत के दो दिन बाद भी पहचान नहीं हो सकी। लगभग 50 वर्षीय वृद्ध को घायल हालत में सीतापुर अस्पताल में 2 नवम्बर को भर्ती कराया गया था। गंभीर हालत होने पर घायल को दूसरे दिन मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया जहां उपचार के दौरान घायल की 21 दिसंबर को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई।

**कार्यालय विशेष विवाह अधिकारी**
**अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

वि.प्र. क्र. / विशेष विवाह/2024-25

**फार्म- "अ"**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण की जानकारी के लिये यह सार्वजनिक सूचना जारी किया जाता है कि आवेदक आवेदक सत्यनारायण आ. शिव मोहन, उम्र 25 वर्ष, पेशा व्यवसाय, निवासी ग्राम सूर, बखरीपारा, थाना सीतापुर, तहसील सीतापुर, जिला सरगुजा, छ.ग. एवं आवेदिका प्रीती आ. उदय, उम्र 28 वर्ष, पेशा ग्रहणी, निवासी ग्राम कर्रा रोड, गगोलीपारा, थाना व तहसील राजपुर, जिला बलरामपुर, छ.ग. के द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के तहत् आयशित विवाह/विवाह पंजीयन की सूचना संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित अभिप्रेत विवाह पंजीयन की सूचना के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई व्यक्ति इस न्यायालय में दिनांक 23/01/2026 को दिन के 11:00 बजे तक अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि समाप्त होने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**विशेष विवाह अधिकारी**
**सरगुजा, अम्बिकापुर**

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल - एम.डी.जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी - MBBS, DCH, DNB
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय - MBBS, DNB Ortho, हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया - MBBS, MS(General Surgeon), जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. मनोज भारती - MBBS, MS
डॉ. ओम प्रकाश पंडित - MBBS, DNB Ortho, हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह - जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. नताशा शर्मा - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.जी.के.दामले - MS, ENT
डॉ. भावना गार्डिया - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा - एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. हिमांशु गुप्ता - MD ONCO, कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. अखिलेश कुमार भारत - जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. कमल नारायण गुप्ता - श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता - MBBS, DCH
डॉ. अभिजीत भट्टाचार्य - जनरल फिजिशियन
डॉ. समीर श्रीवास्तव - हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. रिषभ गुप्ता - किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ. राहूल शामकांत जाधव - एम.बी.बी.एस.,एम.डी.पैथोलॉजिस्ट
डॉ. चन्द्रांशु त्रिपाठी - मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. आयुशी गुप्ता - न्युरो (पेन फिजिशियन)
डॉ. मीना राव - आडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट
डॉ. सुरभि - BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology), दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. हेमलता साहू - फिजियोथैरेपी
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

सरगुजा मार्केट

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 4 जनवरी, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल - 10 बजे से 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल, नमनाकला, अम्बिकापुर - 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल - 3 बजे से 7 बजे तक

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
दिनांक 19 दिसंबर 2025 दिन - शुक्रवार
- पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
- गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
- प्रोस्टेट बढ़ जाना।
- पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
- किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 13 दिसंबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक -20 दिसम्बर 2025, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

TOP IN SURGUJA
क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
- सिर दर्द एवं माइग्रेन
- लकवा (पैरालाइसिस)
- चक्कर बेहोशी
- हाथ, पैर कमर में असहनीय दर्द
- मिर्गी, फिट
- हॉथ और पैरों में कमजोरी
- डायबिटिक न्यूरोपैथी
- हाथ, पैर में कंपन्न, झुनझुनी
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
रायपुर के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन
डॉ. सिद्धार्थ साहू
MBBS, MS GENERAL SURGERY (DNB NEUROSURGERY)
दिनांक - 21 दिसम्बर 2025, रविवार
समय : सुबह 10 बजे से 3 बजे तक

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ.संदीप गुप्ता
शहर के बेस्ट डॉक्टर्स की टीम के साथ
MBBS, DCH(Mumbai)
नवजात शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
चिकित्सक - वाडिया चिल्ड्रन हॉस्पिटल, मुंबई
20 बेड का अत्याधुनिक उपकरणों से लैस हॉस्पिटल
ICU NICU ऑपरेशन थिएटर जनरल वार्ड
उपलब्ध सुविधाएं
- पैथोलॉजी लैब, फार्मेसी
- क्रिटिकल केयर यूनिट
- अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर
- प्राइवेट वार्ड
- जनरल वार्ड
नार्मल, सिजेरियन डिलेवरी, बच्चेदानी का ऑपरेशन, हार्निया हाइड्रोसिल, पथरी एवं समस्त प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा
यशोदा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
खरसिया नाका, भारत माता चौक, रिंग रोड श्री लक्ष्मी हॉटल के पास अम्बिकापुर
अधिक जानकारी एवं पंजीयन हेतु संपर्क करें।
07774-319760, 8602490055, 6263860055

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक - 21 दिसम्बर, 2025
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर

**बैकुण्ठपुर।** रेडक्रॉस सोसाइटी के तत्वाधान में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन 26 दिसंबर को प्रातः 11 से शाम 5 बजे जिला मुख्यालय मानस भवन में किया जाएगा। इस शिविर में आमजन को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान का अवसर प्रदान किया जाएगा। इस शिविर के प्रचार-प्रसार के लिए विशेष प्रचार रथ को से जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा तथा रेडक्रॉस सोसाइटी कोरिया जिला के चेयरमैन महेन्द्र वेद और समस्त सदस्यों की उपस्थिति में हरीझंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना किया गया। प्रचार रथ कोरिया जिले के समस्त ब्लॉकों में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए रवाना किया गया हैं।

### एड्स जागरूकता पर एक दिवसीय कार्यशाला

**मनेन्द्रगढ़।** मेरा युवा भारत कोरिया (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) तथा छग एड्स कंट्रोल सोसाइटी के तत्वावधान में एड्स जागरूकता को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शासकीय कन्या महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में किया गया। कार्यशाला में एड्स जागरूकता विषय पर मुख्य वक्ता निशा सिंह ने एचआईवी संक्रमण एवं एड्स महामारी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना, इसकी रोकथाम, समय पर जांच, प्रशिक्षण एवं उपचार सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही उन्होंने सुरक्षित व्यवहार अपनाने, नियमित जांच कराने तथा एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के अधिकारों के सम्मान पर विशेष जोर दिया।

### श्रेयस का अंडर-19 कंबाइंड टीम में चयन

**मनेन्द्रगढ़।** कोरिया जिले के होनहार क्रिकेटर श्रेयस सिन्हा पिता राजेश सिन्हा, माता रितु सिन्हा ने अंडर-19 क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। राजनांदगांव में आयोजित मैच में कोरिया अंडर-19 टीम की ओर से खेलते हुए श्रेयस सिन्हा ने 157 रनों की नाबाद और बेहतरीन पारी खेली। श्रेयस सिन्हा ने कुल 245 रन बनाए। श्रेयस की इस उत्कृष्ट पारी के चलते उनका चयन प्लेट अंडर-19 कंबाइंड टीम में किया गया है।

### अंबिकापुर पड़ रहा आना-जाना, बढ़ा अतिरिक्त खर्च

# कोरिया में वाहनों का फिटनेस बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सरकार और परिवहन विभाग के नए नियमों से जिले के वाहन मालिकों की परेशानी बढ़ गई है। परिवहन विभाग के नए नियमों के अनुसार अब वाहनों का मैन्युअल फिटनेस बंद कर नए नियमों से एटीएस से कराना अनिवार्य कर दिया गया है जो कि कोरिया जिला मुख्यालय में यह सुविधा नहीं होने के कारण बीते कुछ समय से क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय बैकुंठपुर में मैन्युअली फिटनेस का कार्य बंद कर दिया गया, इससे जिले के वाहन मालिकों की परेशानी बढ़ गई है। नए नियमों के तहत एटीएस से फिटनेस के लिए संभाग मुख्यालय अंबिकापुर की दौड़ लगानी पडेगी, इससे वाहन मालिकों को समय के साथ आर्थिक बोझ भी अतिरिक्त उठाना पडेगा।

परिवहन विभाग का क्षेत्रीय कार्यालय बैकुंठपुर में एटीएस की सुविधा नहीं होने से कोरिया जिला ही नहीं बल्कि एमसीबी जिले के वाहन मालिकों को लंबी दूरी तय कर अंबिकापुर वाहनों के फिटनेस के लिए आना जाना पड़ेगा,इसके लिए अतिरिक्त डीजल-पेट्रोल पर राशि खर्च करना पडेगा। ऐसी स्थिति में जिले के वाहन मालिकों की मांग है कि कोरिया जिला एक पुराना जिला है और यहां भी वाहनों के फिटनेस के लिए एटीएस की सुविधा प्रदान करने की मांग की है, जिससे कि कोरिया-एमसीबी जिले के वाहन मालिकों को लाभ मिल सके।

जानकारी के अनुसार 8 साल पुराने वाहनों को फिटनेस पुनः कराना पड़ता है, इसके लिए अब बैकुंठपुर में यह सुविधा नहीं मिलने के कारण अंबिकापुर की दौड़ लगानी पड़ रही है, इसके लिए वाहन मालिकों को परेशान होना पड़ रहा है। समय के साथ आर्थिक बोझ भी उठाना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार कोरिया जिले में काफी संख्या में छोटे-बडे वाहन हैं, जिनके मालिकों को अब अंबिकापुर की दौड़ वाहनों के फिटनेस के लिए जाना पडेगा।



### नए नियम से बढ़ी परेशानी

परिवहन विभाग के नए नियमों के कारण ही जिले के वाहन मालिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विभाग के नए नियमों के तहत अब वाहनों के फिटनेस जांच मेन्युअली बंद कर दी गई और अब ऑटोमेटेट टेस्टिंग अनिवार्य कर दिया गया है, लेकिन कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में आटोमेटेड टेंस्टिंग सेंटर की सुविधा नहीं है, इसके लिए कोरिया एमसीबी जिले के वाहन मालिकों को अंबिकापुर रिफर किया जा रहा है।

### वाहन मालिकों पर सीधा असर

परिवहन विभाग के नए नियमों से जहां वाहन मालिकों में नाराजगी देखी जा रही है, वहीं इसका सीधा असर वाहन मालिकों पर पड़ रहा है। नए नियमो के मुताबिक वाहनों के फिटनेस के लिए अंबिकापुर जाने से लंबी दूरी तय करने के साथ समय की बर्बादी केसाथ आर्थिक बोझ मालिकों के जेब पर भारी पडेगा। वाहन मालिकों की मांग है कि कोरिया पुराना जिला है और काफी संख्या में व्यावसायिक वाहन संचालित होते हैं, ऐसे में बैकुंठपुर में जल्द एटीएस की स्थापना की जानी चाहिए, ताकि दूसरे जिले का चक्कर ना लगाना पडे।

### सांस्कृतिक मंच की नवीन कार्यकारिणी घोषित

**मनेन्द्रगढ़।** समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने और शहर में कलात्मक गतिविधियों को नया विस्तार देने के उद्देश्य से मंगलवार को मनेन्द्रगढ़ सांस्कृतिक मंच की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें शहर के प्रतिष्ठित युवा व्यवसायी सन्नी खनूजा को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। मंच के वरिष्ठ सदस्यों की उपस्थिति में नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसमें ऊर्जावान युवाओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इसमें अध्यक्ष सन्नी खनूजा, सचिव उत्कर्ष सेन, उपाध्यक्ष निखिल छत्तानी एवं विपिन तिवारी,कोषाध्यक्ष गौरव मिश्रा, कार्यकारिणी सदस्य बलविंदर सिंह कोहली, इरशाद अंसारी एवं हिमांशु श्रीवास्तव बनाए गए। बैठक के दौरान मंच के स्तंभ माने जाने वाले रामचरित द्विवेदी, कृष्णा वस्त्रकार, दिनेश द्विवेदी, कमलेश सिंह और सुरेन्द्र मिनोचा सहित कई गणमान्य सदस्य मौजूद रहे, जिन्होंने नई टीम को अपना आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्रदान किया। नवनियुक्त अध्यक्ष सन्नी खनूजा ने अपनी कार्ययोजना साझा करते हुए कहा कि मनेन्द्रगढ़ सांस्कृतिक मंच की नवीन कार्यकारिणी का गठन शहर की कलात्मक विरासत को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ किया गया है।



## आज बंद रहेगा कोरिया समाज के लोग एकजुट

**बैकुण्ठपुर।** प्रदेश के कांकेर जिले के आमाबेड़ा क्षेत्र में समाज विशेष द्वारा जनजातीय समाज पर किए गए हमले, जबरन शव-दफन तथा प्रदेश में बढ़ते सुनियोजित सामाजिक विभाजन को लेकर शहर बंद एवं धरना प्रदर्शन करने की सूचना सर्व हिन्दू समाज कोरिया द्वारा अनुविभागीय दंडाधिकारी बैकुंठपुर को पत्र सौपा है।

उक्ताशय की जानकारी 23 दिसंबर को पीडब्लूडी रेस्ट हाऊस में प्रेसवार्ता आयोजित कर संयुक्त रुप से जानकारी दी गई। पदाधिकारियों के अनुसार 24 दिसंबर को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक शहर बंद का आह्वान किया गया है, वहीं दोपहर 1 से 5 बजे तक सभा का आयोजन नगर पालिका कॉम्प्लेक्स परिसर में किया गया है, इसके पश्चात कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। छग बंद का समर्थन छग चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री ने भी समर्थन देने की घोषणा की। इस मौके पर प्रमुख रुप से नरेश सोनी, मुकेश गौतम, कमलेश गुप्ता, शैलेन्द्र शर्मा, अजय गुप्ता, धर्मजीत सिंह, भोला प्रसाद, संजय गुप्ता, अमिताभ गप्ता, रूपनारायण पाण्डेय, दिनेश राजवाड़े, रेवा यादव, राजेन्द्र राजवाड़े, अनुराग दुबे, विजय सोनी, दीपक गुप्ता, जय कुमार चक्रधारी, सम्वर्त कुमार रूप, मूलचंद सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## किसानों के लिए बढ़ी टोकन लिमिट



**बैकुंठपुर।** जिले में 15 नवंबर से शुरू धान खरीदी प्रक्रिया 31 जनवरी 2026 तक चलेगी। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने मंगलवार को आयोजित समीक्षा बैठक में नोडल अधिकारियों और संबंधित विभागों को धान खरीदी को पारदर्शी, सुव्यवस्थित और किसान-हितैषी बनाने के उद्देश्य से कई सख्त निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि किसानों के टोकन लिमिट बढ़ गया है, सभी नोडल अधिकारी अपना व्यवस्था मजबूत कर लें। उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में बढ़ते स्टॉक को देखते हुए राइस मिलों का शीघ्र भौतिक सत्यापन करने तथा धान उठाव के लिए वाहनों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। श्रीमती त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना व स्मार्ट मीटर लगाने की प्रगति में तेजी तथा जनदर्शन व सीएम पोर्टल के आवेदनों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने पर बल दिया। 23 दिसंबर के जनदर्शन में 26 आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हें संबंधित अधिकारियों को निराकरण के लिए प्रेषित किया गया। कलेक्टर ने परिवहन विभाग की समीक्षा करते हुए क्षमता से अधिक सवारी ले जाने वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया, साथ ही निजी स्कूलों की मिनी बसों का भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया। बैठक में जिपं सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र वैद्य, जॉइंट कलेक्टर अमित कुमार गुप्ता, अनुविभागीय अधिकारी बैकुंठपुर उमेश पटेल, अनुविभागीय अधिकारी सोनहत अंशुल वर्मा व अधिकारी - कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर जनदर्शन में 33 आवेदन हुए प्राप्त

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनदर्शन में जिले के ग्रामीणजन एवं शहरी नागरिकों ने अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। 23 दिसंबर को आयोजित जनदर्शन में कुल 33 आवेदन प्राप्त हुए, इनमें से 10 आवेदन कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने स्वयं लिए तथा शेष सभी आवेदनों को अपर कलेक्टर श्रीमती नम्रता डोंगरे द्वारा सुना गया।

### कोहरे के आगोश में कोरिया...



**बैकुण्ढपुर।** मंगलवार को शहर घंटो घने कोहरे से ढंका रहा। इस दौरान दृश्यता काफी कम रही, इसके चलते सड़क पर वाहनों की रफ्तार भी कम हो गई थी। इस दिन सुबह 10 बजे के पश्चात भी कोहरे ढंके रहे।



## खबर संक्षेप

### कोलकर्मियों के भविष्य निधि पर ब्याज वृद्धि करने पर बनी सहमति

**बिश्रामपुर।** कोयला खदानों में कार्यरत लाखों कर्मियों के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक अहम फैसला आया है,कोयला खान भविष्य निधि संगठन की 185 वीं ट्रस्टी बोर्ड बैठक हाल ही में सम्पन्न हुई,जिसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भविष्य निधि पर 7.7 प्रतिशत ब्याज दर देने पर सहमति बनी,यह प्रस्ताव अब औपचारिक स्वीकृति हेतु कोयला मंत्रालय को भेजा जाएगा। गौरतलब है कि इससे पूर्व वित्तीय वर्ष 2024-25 में 7.6 प्रतिशत ब्याज दर निर्धारित की गई थी,इस लिहाज से नई दर में 0.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई,ट्रस्टी बोर्ड की बैठक के दौरान प्रबंधन पक्ष ने 2024-25 की तरह ही 7.6 प्रतिशत ब्याज दर को यथावत रखने का सुझाव दिया,वहीं मजदूर प्रतिनिधियों की ओर से अधिक ब्याज दर की मांग उठाई गई। एटक नेता रमेंद्र कुमार ने कर्मियों के हित को ध्यान में रखते हुए 7.8 प्रतिशत ब्याज दर देने की पुरजोर मांग रखी। इस पर विस्तृत चर्चा के बाद अंततः 7.7 प्रतिशत ब्याज दर पर सभी पक्षों की सहमति बनी,बैठक में केवल ब्याज दर ही नहीं, बल्कि कई अन्य अहम विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ। इनमें प्रमुख रूप से सी-डेक से जुड़े तकनीकी मुद्दे, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा रिवाइज्ड पीपीओ को स्वीकार न करने से उत्पन्न समस्याएं, पेंशनधारियों और कर्मियों को हो रही व्यावहारिक कठिनाइयों विषयों पर समाधान की दिशा में चर्चा की गई। बैठक में एक और महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सीएमपीएफओ के सभी रीजनल कार्यालयों के नवीनीकरण पर सहमति बनी।

### निर्माण में लेट लतीफी और लापरवाही बनी मौत का कारण


**राजपुर।** एनएच 343 की जर्जर सड़क और गड्ढों के कारण बाइक सवार युवक की मौत को लेकर युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव नीरज तिवारी ने कहा कि निविदा जारी होने के छह माह बाद भी निर्माण में हो रही देरी दुर्घटना और मौत का कारण बन रही है। सड़क पर गड्ढे और धूल की वजह से लोगों का चलना मुश्किल होता जा रहा है तहसील के आस पास हुए बड़े बड़े जानलेवा गड्ढों के कारण कल हुई दुर्घटना में एक निर्दोष युवक की मृत्यु अत्यंत दुखद और अस्वीकार्य है। यह घटना केवल एक हादसा नहीं बल्कि संबंधित विभागों और ठेकेदारों की गंभीर लापरवाही का परिणाम है। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस की मांग है कि प्रशासन दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों की जवाबदेही तय करे और उन पर कठोर कार्रवाई हो। भविष्य में सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों की सख्त निगरानी की जाए और जनता की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए ताकि ऐसी घटना दोबारा न हों। ठेकेदार ना ही सड़क निर्माण कर रहा है ना ही सड़क पर हुए बड़े बड़े गड्ढों को पाटने का काम कर रहा है अगर कहीं गड्ढे पाटे भी गए है तो मिट्टी डाल कर जिससे छोटे बड़े भारी वाहनों के आवाजाही से सड़क पर धूल के उड़ने से सामने कुछ देर के लिए अंधेरे जैसी स्थिति निर्मित हो जाती है जिससे कई दुर्घटना आए दिन हो रहे है।

### युवा जागरण अभियान के तहत निकली जागरूकता रैली



**प्रतापपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा युवा जागरण अभियान के तहत नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई। नगर भ्रमण के दौरान नशा मुक्ति के खिलाफ नारा लगाया गया तथा नशा से दूर स्वस्थ जीवन जीने की बात कही गई। नशा मुक्ति रैली नगर के राजघराना चौक, कॉलेज चौक, कदम पारा चौक, नगर पंचायत चौक, सहित मुख्य जगह पर उद्बोधन कर लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में गायत्री परिवार सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम कसकेला में



**सलका अघिना।** ग्राम पंचायत कसकेला के हाई स्कूल प्रांगण में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अघिना-सलका की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन किया गया। सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन प्राचार्य ओमप्रकाश योगी के संरक्षण एवं कार्यक्रम अधिकारी रीता गिरी के नेतृत्व में नशामुक्त समाज के लिए युवा थीम पर 22 से 28 दिसंबर तक लगाया जा रहा है। एनएसएस का ध्येय वाक्य में नहीं बल्कि आप और उद्देश्य समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास है और इन्ही उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए शिविर में प्रतिदिन सभी स्वयं सेविकाओं द्वारा प्रातः कालीन सत्र में योग,पीटी,कराते,परेड, परियोजना कार्य अंतर्गत ग्राम संपर्क, रैली, नुक्कड़ नाटक, स्लोगन, दीवार लेखन के अलावा दोपहर के बौद्धिक सत्र में विभिन्न विभागों के विषय विशेषज्ञों द्वारा विभागीय जानकारी एवं मोटिवेशनल स्पीच, देशी खेलकूद, संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में नशा मुक्ति,बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, पोषण,बाल विवाह उन्मूलन, साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा, लोकनृत्य, देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इस दौरान मुख्य अतिथि राजेन्द्र प्रताप सिंह, प्राचार्य मुरली चक्रधारी एवं सरपंच अयोध्या सिंह, राकेश यादव, गुलाब देवांगन, श्रीराम यादव, घनश्याम गुप्ता, सुनील चक्रधारी, प्रदीप पैंकरा, सत्यवती गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

## विद्युत अधिकारियों के साथ धरनास्थल पर पहुंची एसडीएम

# तीन महीने के भीतर विद्युत विस्तार शुरू कराने के आश्वासन पर बंद हुआ अनिश्चितकालीन आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

**खास बात**

- लम्बी चर्चा के बाद बनी सहमति

दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के डेढ़ दर्जन से अधिक गांवों में विद्युत विस्तार की मांग को लेकर चल रहे अनिश्चितकालीन आंदोलन मंगलवार को आपसी सहमति के बाद समाप्त कर दिया गया। तीन घंटे की लम्बी वार्ता के बाद वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा उपरांत एसडीएम ने प्रभावित गांवों में तीन महीने के भीतर विद्युत विस्तार प्रारंभ करने के लिखित आश्वासन दिया तो जनप्रतिनिधियों ने आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की।

गुरु घासीदास नेशनल पार्क सहित घने जंगल एवं पहाड़ी पर स्थित बस्तियों में विद्युत विस्तार की बात तो कोई सोच भी नहीं सकता था। विद्युत विभाग ने आधा दर्जन से अधिक सर्वे कराने के बाद इन गांवों में वन बाधा के कारण विद्युत विस्तार को असम्भव मान लिया था। क्षेत्र के राजस्व ग्रामों में भी विद्युत विस्तार को लेकर अनेक समस्याएं आ रही थी। विद्युत अधिकारी विस्तार के लिए वन विभाग की अनापत्ति मिलने के बाद प्रक्रिया आगे बढ़ाने का आश्वासन दे रहे थे। अनेकों प्रयास के बाद भी जब सफलता नहीं मिली तो करौटी ए सरपंच एवं सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष गजमोचन सिंह ने विद्युत विस्तार की मांग लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन करने की योजना बनाई। उन्होंने क्षेत्र के सभी सरपंच, पंच व ग्रामीणों से इसके लिए सहमति ली तथा 15 दिसम्बर को तहसील कार्यालय मैदान में आंदोलन प्रारम्भ किया गया। विपरीत मौसम एवं आंदोलनकारियों के ठंड से बीमार पड़ने के बावजूद क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों का हौसला कम नहीं हुआ। अंततः मामले में ग्रामीणों की जीत हुई। भैयाथान एसडीएम श्रीमती चांदनी कंवर द्वारा तीन महीने के भीतर प्रशासकीय स्वीकृति लेने के साथ ही तीन महीने के भीतर विद्युत विस्तार कार्य प्रारंभ कराने का आश्वासन दिया तो जनप्रतिनिधियों ने आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की साथ ही निर्धारित समय पर विद्युत विस्तार प्रारंभ नहीं होने पर चक्काजाम सहित उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी।



लिखित आश्वासन देते अधिकारी।

### तीन घंटे चली चर्चा

मंगलवार को सुबह 11 बजे एसडीएम श्रीमती चांदनी भगत विद्युत अधिकारियों के साथ धरना स्थल पर पहुंची तथा विपरीत मौसम का हवाला देकर धरना-प्रदर्शन बंद करने की सलाह दी। प्रदर्शनकारियों के आक्रोशित होने पर उन्होंने इस संबंध में यथाशीघ्र पहल प्रारंभ करने का आश्वासन भी दिया। आंदोलनकारी विद्युत विस्तार का कार्य प्रारंभ होने के बाद ही आंदोलन समाप्त करने की बात कह नारेबाजी करने लगे तो उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की तथा लिखित आश्वासन दिया तो ग्रामीण शांत हुए। एसडीएम ने गुरुघासी दास नेशनल पार्क की सीमा व आसपास के घने जंगलों में बसे वन ग्रामों में अण्डर ग्राउण्ड केबल बिछाकर एवं राजस्व ग्रामों में पोल के माध्यम से विद्युत विस्तार करने का लिखित आश्वासन दिया तो जनप्रतिनिधियों ने आपसी सहमति के बाद आंदोलन समाप्त करने का निर्णय लिया। इस दौरान आंदोलनकारियों ने आजादी के 78 साल गुजरने के बावजूद अब तक क्षेत्र में विद्युत विस्तार नहीं होने का मुद्दा उठाया एसडीएम ने तबकी परिस्थितियों से अनभिज्ञता जताते हुए अब शीघ्र प्रभावित गांवों में विद्युत विस्तार का कार्य प्रारंभ कराने का आश्वासन दिया।

#### गेहूं-मक्का पिसाने के लिए 50 किमी का सफर

आंदोलनकारियों ने बताया कि विद्युत विस्तार नहीं होने के कारण क्षेत्रवासियों की पीड़ा से क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व अधिकारी अनभिज्ञ है। आज भी ग्राम रसौकी एवं रामगढ़ के ग्रामीण 50 किमी जबकि तेलाईपाट, मुण्डा, लुल्ह, बैजन पाट, खोहिर के ग्रामीण गेंहू एवं मक्का पिसवाने के लिए 25 किमी का सफर कर बिहारपुर आते है। धान कुटवाने के लिए ग्रामीणों को ट्रेक्टर व पिकअप का किराया देना पड़ता है। छोटी टूट-फूट की वेल्डिंग कराने के लिए जेनरेटर मंगवाना पड़ता है। बच्चे पढ़ाई नहीं कर पाते। फसलों की सिंचाई नहीं हो पाती तथा खेती के लिए ग्रामीण वर्षा पर निर्भर है।

#### शीघ्र होगा निराकरण

जिन वन क्षेत्रों की अनापत्ति नहीं मिली है विद्युत व वन विभाग के अधिकारी आपसी समन्वय से आगे की कार्रवाई कर रहे हैं। जल्द ही वन बाधा का निराकरण कर लिया जाएगा।

-श्रीमती चांदनी कंवर
एसडीएम, भैयाथान

#### करेंगे चक्काजाम

निर्धारित समय में विद्युत विस्तार प्रारंभ नहीं हुआ तो क्षेत्र के सरपंचों की सहमति से चक्का जाम एवं जिला मुख्यालय सूरजपुर में अनिश्चितकालीन आंदोलन करेंगे।

-गजमोचन सिंह
ब्लॉक अध्यक्ष, सरपंच संघ



# फिजिशियन डॉ. सिंह को मिला लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- छग एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ने किया सम्मानित

शहर के वरिष्ठ चिकित्सक और जीवन ज्योति हॉस्पिटल के संस्थापक फिजिशियन डॉ. जेके सिंह को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। पिछले चार दशक से स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे एमडी मेडिसिन डॉ. सिंह को 18वें एनुअल कांफ्रेंस ऑफ छतीसगढ़ एसोसिसेशन ऑफ फिजिशियन सीजीएपीकॉन-2025 द्वारा यह अवार्ड दिया गया। डॉ. सिंह लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड मिलने से सरगुजा संभाग के चिकित्सको में हर्ष का माहौल है। इस दौरान मंगलवार को जेजे हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ. जेके सिंह ने पत्रकारों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने अपनी चिकित्सा क्षेत्र में उपलब्धि और वर्तमान समय में मानव जनित प्रमुख बीमारियां, कारण और निदान के साथ-साथ आधुनिक चिकित्सा में नवाचार के बारे में अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि मरीज को हमारी वजह से कोई नुकसान नहीं होना चाहिए इस कारण हमने अस्पताल में धीरे-धीरे सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई। स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्वालिटी से कभी कंप्रोमाइज नहीं किया। डॉ. जेके सिंह ने कहा कि 42 साल पहले चिकित्सा सुविधा इतनी एडवांस नहीं हुई थी और स्वास्थ्य जागरूकता का अभाव भी था। आज स्वास्थ्य जागरूकता व एडवांस चिकित्सा पद्धति भी कई गुना बढ़ी है। बता दें कि डॉ. सिंह ने 1983 में एमडी (मेडिसिन) की उपाधि प्राप्त की और एक छोटे से कमरे में प्राइवेट प्रैक्टिस की शुरुआत की और आज सरगुजा में सुपर स्पेशलिटी के क्षेत्र में एक उपलब्धि हासिल की। उन्होंने बताया कि जेजे हॉस्पिटल को एनएबीएच 6 की मान्यता प्राप्त हो गई है और इससे स्वास्थ्य सुविधाओं व गुणवत्ता में सुधार हुआ है। इस दौरान जेजे हॉस्पिटल की फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट लेप्रोस्कोपी सर्जन और स्त्री रोग विशेषज्ञ के साथ आईवीएफ क्लिनिक की विशेषज्ञ डॉक्टर स्नेहा सिंह ने अस्पताल में 12 दिसंबर को शुभारंभ हुए श्री आईवीएफ क्लिनिक के बारे में भी विस्तार से बताया। इस दौरान अस्पताल की डायरेक्टर श्रीमती संध्या सिंह, एमडी पैथोलॉजिस्ट डॉ. आकाश सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

#### समाज सेवा को लेकर वरिष्ठ पार्षद विजय सोनी भी हुए सम्मानित

जीवन ज्योति हॉस्पिटल में फिजिशियन डॉ. जेके सिंह के सम्मान समारोह के दौरान शहर के वरिष्ठ पार्षद विजय सोनी का भी समाज सेवा के लिए सम्मान किया गया। विजय सोनी लम्बे समय से सामाजिक क्षेत्र में काम कर रहे है और। इसके साथ ही धार्मिक क्षेत्र में भी वे नियमित रूप से सक्रिय है। प्रतिवर्ष छठ महापर्व पर एक बड़ा आयोजन लोगों की आस्था को देखते हुए उनके द्वारा कराया जाता है। उनके इस सेवा को देखते हुए आज आयोजन के दौरान जीवन ज्योति हॉस्पिटल की ओर से उन्हें सम्मानित किया गया।

# नगरीय निकायों में महिला जनप्रतिनिधियों के पति या रिश्तेदार बैठक में नहीं होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- कार्य में नहीं करेंगे कोई हस्तक्षेप, शासन ने जारी किए आदेश

महिला सशक्तिकरण को ज़मीनी स्तर पर सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से राज्य शासन ने अहम निर्णय लिया है,छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नगरीय निकायों में प्रॉक्सी राजनीति पर करारा प्रहार किया है,शासन ने सख्त निर्देश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि अब निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों के पति, पुत्र, भाई या अन्य पारिवारिक रिश्तेदार किसी भी रूप में प्रॉक्सी प्रतिनिधि या लायजन पर्सन की भूमिका में नजर नहीं आएंगे,यह निर्देश मंत्रालय,महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर से प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को जारी किया गया है, इसका उद्देश्य महिला आरक्षण की भावना को वास्तविक अर्थों में लागू करना और महिला नेतृत्व को स्वतंत्र निर्णय लेने का अधिकार दिलाना है।

शासन ने बताया कि वर्ष 2010 में ही इस प्रवृत्ति पर रोक लगाने का निर्णय लिया जा चुका था,लेकिन बावजूद इसके कई निकायों में नियमों की अनदेखी होती रही है,अब राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के हस्तक्षेप के बाद शासन ने इसे और सख्ती से लागू करने का फैसला लिया है,ज्ञात हो कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने अपने पत्र 29 अक्टूबर 2025 में इस व्यवस्था को संविधान विरोधी करार दिया है। आयोग के अनुसार महिला जनप्रतिनिधियों के स्थान पर उनके रिश्तेदारों की भूमिका निभाना अनुच्छेद 14, 15(3), 21 गरिमापूर्ण जीवन के अधिकार का सीधा उल्लंघन है। आयोग ने इसे महिला अधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों दोनों के लिए घातक बताया है। बताया जा रहा है कि मानवाधिकार आयोग ने इस प्रकार की प्रॉक्सी नियुक्तियों को गंभीर अपराध की श्रेणी में रखा है,जारी आदेश में अब नियमों की अनदेखी करने वालों पर प्रशासनिक ही नहीं, बल्कि आपराधिक कार्रवाई भी संभव है।शासन ने प्रदेश के सभी नगरीय निकाय प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने नगरीय निकायों में नामांकित जनप्रतिनिधियों की तत्काल समीक्षा करें, जहां भी महिला जनप्रतिनिधियों के पारिवारिक रिश्तेदार प्रॉक्सी प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त पाए जाएं। वहां सांसद एवं विधायक को अवगत कराते हुए मानवाधिकार आयोग के निर्देशों के अनुसार नई नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करें।इस आदेश के बाद कई नगरीय निकायों में बड़े प्रशासनिक बदलाव की संभावना जताई जा रही है,अब महिला जनप्रतिनिधि स्वयं बैठकों में हिस्सा लेंगी,योजनाओं पर निर्णय करेंगी और जनता के सामने जवाबदेह होंगी,इससे न केवल लोकतंत्र मजबूत होगा,बल्कि महिलाओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता भी बढ़ेगी,अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि नगरीय निकायों में इस निर्देश का कितनी सख्ती से पालन किया जाता है ।



#### मंत्रालय से जारी आदेश का नपं में भी दिखेगा असर

ज्ञात हो कि नगरीय निकायों में यह आम शिकायत रही है कि महिला जनप्रतिनिधि नाम मात्र की होती हैं,जबकि उनके स्थान पर परिवार के पुरुष सदस्य बैठकों में भाग लेते हैं,अधिकारियों से संवाद करते हैं और विकास कार्यों में हस्तक्षेप करते हैं।यही हाल नगर पंचायत बिश्रामपुर का भी दिखता है,नगर पंचायत पति हर बैठक में मौजूद रहते हैं और अधिकारियों से संवाद करते हैं और विभिन्न कार्यों में सीधा हस्तक्षेप करते है,राज्य शासन द्वारा जारी उक्त आदेश का जमीनी स्तर में पालन हो पाता है या नहीं ये देखने वाली बात होगी।




### नेशनल ट्रैक साइकलिंग चैंपियनशिप में पृथ्वीराज की टीम को मिला कांस्य पदक

**बिश्रामपुर।** उत्तराखंड के रुद्रपुर में आयोजित पांच दिवसीय नेशनल ट्रैक साइकलिंग चैंपियनशिप में नगर के पृथ्वीराज सिंह व अन्य की टीम ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर नगर को गौरवान्वित किया है, गौरतलब है कि दिनांक 19 दिसंबर से 23 तारीख तक चली नेशनल ट्रैक साइकलिंग में झारखण्ड राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहे निखिल लोहरा,पृथ्वीराज सिंह,नारायण मेहतो एवं विकास की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया है जिन्हें आयोजन समिति के जगदीप सिंह कपलों के द्वारा कॉंस्य पदक प्रदान किया गया है,बता दें कि पृथ्वीराज सिंह शिवनन्दनपुर शांतिनगर निवासी एवं स्पोर्ट्स वर्ल्ड दुकान के संचालक अनुज सिंह के सुपुत्र हैं जो झारखण्ड राज्य के खेलगांव में रहकर विगत कई वर्षों से ट्रैक साइकलिंग की ट्रेनिंग कर रहे हैं।

# स्टेडियम ग्राउंड में हुआ सर्व हिन्दू समाज का सम्मेलन

**प्रतापपुर।** नगर के मिनी स्टेडियम ग्राउंड में आज सर्व हिन्दू समाज के तत्वावधान में एक विशाल हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक, मातृ शक्तियों, युवा और सामाजिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता देखने को मिली। आयोजन स्थल पर धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक चेतना का अद्भुत संगम नजर आया। सम्मेलन का शुभारंभ लोकनृत्य कर्मा की प्रस्तुति से हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विभाग कार्यवाह अमरदीप देवांगन, मुख्य अतिथि अभियोजन अधिकारी गजेंद्र सिंह, गायत्री परिवार से मातृ शक्ति श्रीमती मनोरमा सिंह तथा हीरालाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गजेंद्र सिंह ने कहा कि समाज की मजबूती न्याय, संस्कार और आपसी सद्भाव से आती है। उन्होंने ऐसे आयोजनों को सामाजिक चेतना जागृत करने वाला बताते हुए सर्व हिन्दू समाज की एकजुटता की सराहना की। विद्यालय के बालक-बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों में संस्कार, देशभक्ति और भारतीय संस्कृति की झलक स्पष्ट दिखाई दी। कार्यक्रम को अमरदीप देवांगन ने भी संबोधित किया।

# रेलवे संघर्ष समिति ने सरगुजा सांसद को सौंपा ज्ञापन

- एक्सप्रेस ट्रेन की बिश्रामपुर स्टेशन में स्टॉपेज करने की मांग

**बिश्रामपुर।** रेलवे स्टेशन बिश्रामपुर में अंबिकापुर–निजामुद्दीन एक्सप्रेस ट्रेन क्रमांक 22407/22408 के ठहराव को लेकर आज मंगलवार को बिश्रामपुर रेलवे संघर्ष समिति द्वारा सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज को ज्ञापन सौंपा गया है,सरगुजा सांसद को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि बिश्रामपुर स्टेशन न केवल ऐतिहासिक महत्व रखता है, बल्कि यह सरगुजा संभाग का एकमात्र गुड्स शेड भी है,जहां प्रतिदिन भारी मात्रा में आवश्यक सामग्रियों की रेकें आती-जाती हैं,यह स्टेशन कभी पूरे संभाग का अंतिम स्टेशन हुआ करता था,जिसके वर्षों बाद अंबिकापुर तक रेल लाइन का विस्तार हुआ,बावजूद इसके बिश्रामपुर स्टेशन को आज भी उचित महत्व नहीं मिल पा रहा है,ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में संचालित कोयला खदानों में कार्यरत देश के विभिन्न राज्यों से आए हजारों कर्मचारी बिश्रामपुर व आसपास में निवासरत हैं,दिल्ली सहित उत्तर भारत, मध्य भारत व अन्य राज्यों के लिए नियमित रेल सेवा की आवश्यकता सबसे अधिक इन्हीं लोगों को पड़ती है। अंबिकापुर–निजामुद्दीन एक्सप्रेस सरगुजा को राजधानी दिल्ली से जोड़ने वाली इकलौती सुविधा है, ऐसे में इसका बिश्रामपुर में ठहराव न होना स्थानीय जनता के लिए बड़ी समस्या बना हुआ है,ज्ञापन सौंपने वालों में समिति के वकील प्रदीप गर्ग,पूर्व नपं बिश्रामपुर अध्यक्ष राजेश यादव,अशोक अग्रवाल,विवेक जायसवाल,अंशुमान तिवारी व अन्य उपस्थित थे।



# काव्य गोष्ठी में शामिल हुए देश-विदेश के कवि एवं साहित्यकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

गुंजन साहित्य संघ द्वारा साल के अंतिम सत्र के अवसर पर एक भव्य काव्य गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस साहित्यिक संध्या में गीत, ग़ज़ल, कविता और हास्य के विविध रंग देखने को मिले। कार्यक्रम में देश-विदेश के कवियों, गीतकारों एवं साहित्यकारों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ कृष्णा बाबू के सरस्वती वंदना से हुआ। मंच संचालन डॉ. दीपा गुप्ता ने किया, जिन्होंने अपनी सहजता एवं हास्यपूर्ण शैली से पूरे वातावरण को सरस बनाए रखा। इस अवसर पर गुंजन साहित्य सम्मान 2025 से चयनित साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। काव्य पाठ की शुरुआत गिरधर ने की। रफ़त आशिया ने सादगी पर आधारित रचना प्रस्तुत की, जबकि तमन्ना ने लड़की हूँ, सामान नहीं कविता के माध्यम से समाज की विकृत सोच पर प्रखर प्रहार किया। कन्हैया ने सीमा पर तैनात जवानों की पीड़ा को शब्द दिए। राजेश तिवारी के गीत बूढ़ा बाग़वान में पिता का मर्मस्पर्शी दर्द झलका। कामेश्वर ने हमारी कहानी शहर में ग़ाफ़िल हो गई सुना कर श्रोताओं को आत्ममंथन के लिए प्रेरित किया। विनोद मिश्रा ने कुछ छूट गया है के माध्यम से अंतर्मन की व्यथा व्यक्त की। एडमिरल नूर ख़ुर्रम साहब की ग़ज़ल कौन कहता है मुझे प्यार नहीं ने गोष्ठी को नई ऊंचाइयां दीं। नॉर्वे से जुड़े सुरेश चंद्र ने अंत तक अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए गुंजन साहित्य संघ की सराहना की। कनाडा से जुड़ी भारती शर्मा फ़िरदौस ने अपने प्रभावशाली मुक्तक से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अन्य प्रस्तुतियों में शिशुपाल गुप्ता, वीरेंद्र, अर्जुन, डॉ. गिल, राजेश कुमार, मो. शिरी, रुस्तम, वीरेंद्र सिंह एवं जूही की रचनाओं को भी खूब सराहना मिली।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

ॐ जय माँ कंकाली ॐ

राजयोग- धनयोग, विवाह, संतान, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद, व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष संबंधी प्रश्नोत्तर, 9 ग्रह 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें, तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह या किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।

त्रिकालज्ञ स्वामी - तांत्रिक सम्राट
डॉ.जे.पी. दुबे (पुष्पेन्द्र)
ज्योतिश तंत्र, पी.एच.डी., (गोल्ड मेडलिस्ट)

नोट- स्वामी जी प्रत्येक दिन अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे!!



डॉ.जे.पी. दुबे

मो.9630231500, 9630995600

पता - कार्मेल स्कूल गेट नम्बर 4 वसुंधरा सनसिटी गेट के बाजू राजनिवास अपार्टमेंट अम्बिकापुर (छ.ग.)
आने से पूर्व अपाइंटमेंट अवश्य लेंवे